बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
★सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9470003023 /9431479774

महासचिव,
★सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :– ★ सआदत हसन मिन्टू
★ राजेन्द्र राम
संयुक्त सचिवः– ★ राजयनन्द वार्डियार
★ अनिल कुमार
कोषाधयक्षः– ★ चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाधयक्षः– ★ विनोद आनन्द

पत्रांक :......37......

दिनांक 19/5/2015

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17.05.2015 को श्री धूर्जटी प्रसाद सिंह (बि0प्र0से0) 43rd बैच के पदाधिकारी सम्प्रति वरीय उप समाहर्त्ता, भागलपुर का मेदान्ता दिल्ली में चल रहे ईलाज के दौरान असामयिक मृत्यु हो गयी। समस्त बासा परिवार शोकाकुल है। दिनांक 18.05.2015 को बासा के प्रतिनिधि द्वारा श्री सिंह के घर जाकर श्रद्धांजली दी गई। आज दिनांक 19.05.2015 को जिला इकाई, भागलपुर से प्राप्त 1.40 लाख रूपये शोक सम्मत परिवार को बासा के महासचिव, श्री सुशील कुमार एवं भागलपुर जिला इकाई के प्रतिनिधि श्री जितेन्द्र प्रसाद के द्वारा प्रदान किया गया।

बासा सभी सदस्यों से अपील करता है कि शोक संतप्त परिवार के लिए वार्षिक चन्दा जिसमें कल्याण राशि सम्मिलित है शीघ्र संघ को उपलब्ध कराये।

(सुशील कुमार)
महासचिव

प्रतिलिपि :– निदेशक, सभी दुरदर्शन को प्रसारणार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– सम्पादक सभी दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी/अंग्रेजी) को प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(सुशील कुमार)
महासचिव

दिनांक 18.05.2015 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, भागलपुर की आयोजित विशेष बैठक की कार्यवाही :

उपस्थिति – पंजी में दर्ज।

प्रस्ताव :

1. बिहार प्रशासनिक सेवा संध जिला इकाई, भागलपुर धुर्जटी प्रसाद सिंह, वरीय उप समाहर्त्ता, (43वीं बैच) का दिनांक 17.05.2015 को असामयिक देहावसान पर उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करती है। साथ ही साथ ईश्वर से यह प्रार्थना करती है कि उनके परिवार को इस दुःख की वेला में ईश्वर इतनी शक्ति प्रदान करे कि इस क्षण में वे अपने को संभाल सके।

2. धुर्जटी प्रसाद सिंह, वरीय उप समाहर्त्ता, (43वीं बैच) का ईलाज पिछले एक माह से अधिक अवधि से मेदांता अस्पताल, गुड़गांव, दिल्ली मे हो रहा था, जिसमें उनकी चिकित्सा पर लगभग 27 लाख रूपये व्यय हो चुका है। उनको दो संतान, एक पुत्र एवं एक पुत्री है जो अभी अध्ययनरत् है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि ईलाज में इतनी बड़ी राशि व्यय होने के कारण उनका परिवार आर्थिक कठिनाईयों का सामना नहीं कर रहा होगा। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भागलपुर बासा, जिला इकाई के प्रत्येक सदस्य कम से कम दस हजार रूपये सहयोग की राशि देंगे और दुःख की इस घड़ी में उनके शोक संतप्त परिवार के लिए यदि अन्य पदाधिकारी भी सहयोग राशि स्वेच्छा से देना चाहे तो उनसे भी सहयोग राशि प्राप्त कर शोक संतप्त परिवार को भेज दिया जाए।

3. बासा, भागलपुर, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, पटना से सर्वसम्मति से अनुरोध करती है कि राज्य के सभी जिला इकाई से सहयोग राशि प्राप्त कर शोक संतप्त परिवार को भेजने का कष्ट करेंगे।

4. बासा भागलपुर, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, पटना से अनुरोध करती है कि स्व0 सिंह के दोनों बच्चों की पढ़ाई का खर्च राज्य सरकार वहन करें इसके लिए वे अपने स्तर से राज्य सरकार से अनुरोध और सक्रिय पहल करें।

5. बासा भागलपुर, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, पटना से अनुरोध करती है कि स्व0 सिंह की पत्नी को राजपत्रित पद पर अनुकंपा पर नियुक्ति हेतु वे अपने स्तर से राज्य सरकार से अनुरोध करें।

6. यह भी निर्णय लिया गया कि बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, पटना राज्य सरकार से अपने स्तर से अनुरोध करें कि स्व0 सिंह की पत्नी को स्व0 सिंह की सेवा अवधि तक देय वेतन का भुगतान करें।

अध्यक्ष,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,
भागलपुर इकाई।

ज्ञापांक / 01 दिनांक 18.5.15

प्रतिलिपि : अध्यक्ष एवं महासचिव, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.5.15

अध्यक्ष,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,
भागलपुर इकाई।